TOPPERSEXAM.COM

26-09-2026

CURRENT AFFAIRS

HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

TODAY NEWS HIGHLIGHT

- एशियाई खेल 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन: वुशु, रोइंग, शूटिंग और एथलेटिक्स में पदक
- मिजोरम की लालरीथांगी बनीं FAO की '100 महिला नायिकाओं' में शामिल, स्ट्रॉबेरी खेती से ग्रामीण उद्यमिता की मिसाल
- संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से किया जाएगा सम्मानित
- दिल्ली की 'DURGA' योजना को मंजूरी, महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मिलेंगे 1,300 पिंक ई-ऑटो
- दिल्ली में 'PM सूर्य घर' पोर्टल लॉन्च, रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए ₹1.56 लाख तक की संयुक्त सब्सिडी
- eRASSU J0608 की खोज से गुरुत्वाकर्षण तरंगों के अध्ययन को नई दिशा, 6.24 मिनट में परिक्रमा करते हैं दो श्वेत बौने
- असद आलम सियाम होंगे भारत में बांग्लादेश के नए उच्चायुक्त, भारत-बांग्लादेश संबंधों में राजनयिक पुनर्संवाद की तैयारी
- विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 — स्वस्थ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध पर वैश्विक जोर

1. एशियाई खेल 2026 मे भारत का शानदार प्रदर्शन: वुशु, रोइंग, शूटिंग और एथलेटिक्स मे पदक

जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें एशियाई खेलों 2026 में भारत ने वुशु, रोइंग, शूटिंग और एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया। नाओरेम रोशिबीना देवी ने महिला 60 किग्रा सांडा में रजत जीतकर लगातार तीसरा एशियाई खेल पदक हासिल किया। सतनाम सिंह-सलमान खान ने पुरुष डबल स्कल्स में ऐतिहासिक कांस्य, जबकि परिनाज धालीवाल-अनंतजीत सिंह नरूका ने मिश्रित स्कीट में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में सीमा ने 10,000 मीटर में कांस्य और भारत की मिश्रित 4×400 मीटर रिले टीम ने रजत पदक हासिल किया।

2. मिजोरम की लालरीथांगी बनीं FAO की '100 महिला नायिकाओं' मे शामिल, स्ट्रॉबेरी खेती से ग्रामीण उद्यमिता की मिसाल

मिजोरम के लॉन्टलाई जिले की लालरीथांगी को कृषि-खाद्य प्रणालियों और ग्रामीण विकास में योगदान के लिए FAO की '100 Women Heroes' पहल में चुना गया है। पूर्व शिक्षिका लालरीथांगी ने 2024 में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की और अब दो हेक्टेयर भूमि पर 10,000 से अधिक पौधों के साथ एवोकाडो व केले की भी खेती करती हैं। 2025 में उनकी स्ट्रॉबेरी खेती से 10 लाख रुपये से अधिक की आय हुई तथा उन्होंने स्ट्रॉबेरी वाइन जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद भी तैयार किए। यह सम्मान International Year of the Woman Farmer 2026 से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं के योगदान और संसाधनों तक उनकी समान पहुंच को बढ़ावा देना है।

3. संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से किया जाएगा सम्मानित



मध्य प्रदेश सरकार ने प्रसिद्ध संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत निर्देशन में योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 देने की घोषणा की है, जिसमें ₹5 लाख की कर-मुक्त राशि और प्रशस्ति-पत्र शामिल है। यह पुरस्कार 28 सितंबर 2026 को इंदौर में लता मंगेशकर जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाएगा, जबकि दो दिवसीय समारोह 27 सितंबर से शुरू होगा। शांतनु मोइत्रा ने परिणीता, 3 इडियट्स, पीकू, अक्टूबर और 12वीं फेल जैसी फिल्मों में संगीत एवं बैकग्राउंड स्कोर दिया है तथा उन्हें 2014 में ना बंगारू तल्ली के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

4. दिल्ली की 'DURGA' योजना को मंजूरी, महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मिलेंगे 1,300 पिंक ई-ऑटो

दिल्ली मंत्रिमंडल ने 23 सितंबर 2026 को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए DURGA योजना को मंजूरी दी। योजना के पहले चरण में 1,300 पिंक ई-ऑटो दिए जाएंगे, जिनमें 1,170 महिलाओं और 130 ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए होंगे। इसका उद्देश्य स्वरोजगार, महिला सुरक्षा और अंतिम-मील कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना तथा परिवहन क्षेत्र में समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करना है। ई-ऑटो के माध्यम से योजना स्वच्छ एवं टिकाऊ शहरी परिवहन को बढ़ावा देगी, जबकि 70 DMRC मेट्रो स्टेशनों पर EV चार्जिंग सुविधाओं को इससे जोड़ा जाएगा।

5. दिल्ली मे 'PM सूर्य घर' पोर्टल लॉन्च, रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए ₹1.56 लाख तक की संयुक्त सब्सिडी

दिल्ली सरकार ने 21 सितंबर 2026 को 'दिल्ली PM सूर्य घर' पंजीकरण पोर्टल शुरू किया, जिससे घरेलू उपभोक्ता रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्र की ₹78,000 तक की सब्सिडी के साथ दिल्ली सरकार की समान राशि जोड़ने पर पात्र परिवारों को ₹1.56 लाख तक की संयुक्त सहायता मिल सकती है। PM सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना का कुल परिव्यय ₹75,021 करोड़ है और इसका लक्ष्य 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर स्थापित करना है। यह पहल विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण, ऊर्जा सुरक्षा और सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है।

6. eRASSU J0608 की खोज से गुरुत्वाकर्षण तरंगों के अध्ययन को नई दिशा, 6.24 मिनट मे परिक्रमा करते है दो श्वेत बौने



भारतीय शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने eRASSU J0608 नामक अल्ट्राकॉम्पैक्ट डबल-व्हाइट-ड्वार्फ बाइनरी का अध्ययन किया, जिसमें दोनों श्वेत बौने लगभग 6.24 मिनट में एक-दूसरे की परिक्रमा करते हैं। इस प्रणाली में Direct-impact Accretion के कारण एक्स-रे उत्सर्जन होता है, जिसमें पदार्थ बिना अभिवृद्धि डिस्क बनाए सीधे साथी श्वेत बौने पर गिरता है। इसकी कक्षीय अवधि तेजी से घट रही है, जिसका संभावित कारण गुरुत्वाकर्षण विकिरण द्वारा ऊर्जा और कोणीय संवेग का नुकसान है; अनुमानित Chirp Mass लगभग 0.43 सौर द्रव्यमान है।

7. असद आलम सियाम होंगे भारत मे बांग्लादेश के नए उच्चायुक्त, भारत-बांग्लादेश संबंधों मे राजनयिक पुनर्संवाद की तैयारी

बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम को भारत में अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है और भारत ने उनके नाम को औपचारिक Agrément प्रदान किया है। 1995 बैच के विदेश सेवा अधिकारी सियाम अमेरिका में राजदूत रह चुके हैं तथा जून 2025 में बांग्लादेश के विदेश सचिव बने थे। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब भारत-बांग्लादेश संबंधों में सीमा, जल, व्यापार, संपर्क, सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग जैसे मुद्दों पर संवाद महत्वपूर्ण बना हुआ है। वर्तमान उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह नई दिल्ली से स्थानांतरित होकर जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में बांग्लादेश के स्थायी प्रतिनिधि का पद संभालेंगे।

8. विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 — स्वस्थ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध पर वैश्विक जोर

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 26 सितंबर को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संबंधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस International Federation of Environmental Health (IFEH) की पहल से जुड़ा है और स्वच्छ एवं टिकाऊ पर्यावरण के महत्व पर जोर देता है। पर्यावरणीय स्वास्थ्य में वायु-जल प्रदूषण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा, रासायनिक जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय शामिल हैं। भारत में स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) जैसी पहलें पर्यावरणीय स्वास्थ्य सुधारने में महत्वपूर्ण हैं।

Contact No. - 7891099005, 7891099006

1. सतनाम सिंह और सलमान खान ने किस स्पर्धा मे कांस्य पदक जीता ?

A - पुरुष सिंगल स्कल्स
B - पुरुष डबल स्कल्स
C - पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स
D - पुरुष कयाक फोर

आइची-नागोया, जापान मे आयोजित 20वे एंशियाई खेल 2026 मे भारत ने वुशु, रोइंग, शूटिंग और एथलेटिक्स मे पदक हासिल किए। रोशिबीना देवी ने वुशु मे रजत, सतनाम सिंह-सलमान खान और परिनाज धालीवाल-अनंतजीत सिंह नरूका ने कांस्य, जबकि सीमा और मिश्रित 4×400 मीटर रिले टीम ने क्रमशः कांस्य और रजत पदक जीता।

2. लालरीथांगी को किस संस्था की '100 Women Heroes' पहल मे चुना गया है ?

A - UNESCO
B - FAO
C - UNDP
D - UNICEF

मिजोरम की लालरीथांगी को कृषि-खाद्य प्रणालियों और ग्रामीण विकास मे योगदान के लिए FAO की '100 Women Heroes' पहल मे चुना गया है। पूर्व शिक्षिका लालरीथांगी ने स्ट्रॉबेरी की खेती से 2025 मे ₹10 लाख से अधिक की आय अर्जित की और यह सम्मान International Year of the Woman Farmer 2026 से जुड़ा है।

3. राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 के लिए किसे चुना गया है ?

A - ए. आर. रहमान
B - शांतनु मोइत्रा
C - अमित त्रिवेदी
D - विशाल भारद्वाज

मध्य प्रदेश सरकार ने संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र मे योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 देने की घोषणा की है, जिसमे ₹5 लाख की कर-मुक्त राशि और प्रशस्ति-पत्र शामिल है। यह पुरस्कार 28 सितंबर 2026 को इंदौर मे प्रदान किया जाएगा ; मोइत्रा को 2014 मे 'ना बंगारू तल्ली' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था और लता मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना 1984 मे हुई थी।

4. DURGA योजना के पहले चरण मे कितने पिंक ई-ऑटो दिए जाएंगे ?

A - 1,000
B - 1,300
C - 1,500
D - 2,000

दिल्ली मंत्रिमंडल ने 23 सितंबर 2026 को महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए DURGA योजना को मंजूरी दी, जिसके पहले चरण मे 1,300 पिंक ई-ऑटो दिए जाएंगे। योजना का उद्देश्य स्वरोजगार, महिला सुरक्षा, अंतिम-मील कनेक्टिविटी और स्वच्छ शहरी परिवहन को बढ़ावा देना है, जिसमे 70 DMRC मेट्रो स्टेशनों पर EV चार्जिंग सुविधाएं भी जुड़ी होंगी।

Contact No. - 7891099005, 7891099006

5. केद्रं और दिल्ली सरकार की संयुक्त सब्सिडी से अधिकतम कितनी सहायता मिल सकती है ?

A - ₹78,000
B - ₹1 लाख
C - ₹1.25 लाख
D - ₹1.56 लाख

दिल्ली सरकार ने 21 सितंबर 2026 को 'दिल्ली PM सूर्य घर' पोर्टल शुरू किया, जिसके तहत पात्र परिवारों को केद्रं और दिल्ली सरकार की संयुक्त सब्सिडी से ₹1.56 लाख तक की सहायता मिल सकती है। PM सूर्य घर योजना का कुल परिव्यय ₹75,021 करोड़ है और इसका लक्ष्य 1 करोड़ घरों मे रूफटॉप सोलर स्थापित कर स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को बढ़ावा देना है।



6. eRASSU J0608 किस प्रकार की खगोलीय प्रणाली है ?

A - न्यूट्रॉन स्टार
B - डबल-व्हाइट-ड्वार्फ बाइनरी
C - ब्लैक होल बाइनरी
D - एक्सोप्लैनेट सिस्टम

भारतीय शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने eRASSU J0608 नामक अल्ट्राकॉम्पैक्ट डबल-व्हाइट-ड्वार्फ बाइनरी का अध्ययन किया, जिसकी कक्षीय अवधि लगभग 6.24 मिनट है और इसमे Direct-impact Accretion से एक्स-रे उत्सर्जन होता है। इसकी कक्षीय अवधि गुरुत्वाकर्षण विकिरण के कारण घट रही है तथा लगभग 0.43 सौर द्रव्यमान की Chirp Mass वाली यह प्रणाली भविष्य मे LISA मिशन के लिए संभावित Verification Source बन सकती है।

7. भारत मे बांग्लादेश के अगले उच्चायुक्त के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?

A - एम. रियाज हमीदुल्लाह
B - असद आलम सियाम
C - मोहम्मद तौहीद
D - शेख हसन

बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम को भारत मे अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है और भारत ने उनके नाम को औपचारिक Agrément प्रदान किया है। 1995 बैच के अधिकारी सियाम इससे पहले अमेरिका मे राजदूत रह चुके है, जबकि वर्तमान उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय मे स्थायी प्रतिनिधि का पद संभालेगें।

8. विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस किस संगठन की पहल से जुड़ा है ?

A - WHO
B - UNEP
C - IFEH
D - UNDP

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 26 सितंबर को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संबंधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं टिकाऊ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस IFEH से जुड़ा है और वायु-जल प्रदूषण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा व जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान केद्रिंत करता है; भारत मे स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और NCAP महत्वपूर्ण पहल है।

One Liner

1. नाओरेम रोशिबीना देवी ने 2026 एशियाई खेलों मे किस स्पर्धा मे रजत पदक जीता ? - महिला 60 किग्रा सांडा (वुशु) ।

2. eRASSU J0608 बाइनरी प्रणाली मे दो श्वेत बौने लगभग कितने समय मे एक-दूसरे की परिक्रमा करते है ? - 374.15 सेकंड या लगभग 6.24 मिनट ।

3. शांतनु मोइत्रा को वर्ष 2026 का कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ? - राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार ।

4. 2026 एशियाई खेलों का आयोजन कहाँ हो रहा है ? - आइची-नागोया, जापान ।

5. भारत मे बांग्लादेश के नए उच्चायुक्त के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ? - असद आलम सियाम ।

6. FAO की '100 Women Heroes' पहल मे चुनी गई मिजोरम की महिला किसान का नाम क्या है ? - लालरीथांगी ।

7. विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ? - 26 सितंबर ।

8. eRASSU J0608 भविष्य मे किस अंतरिक्ष-आधारित गुरुत्वाकर्षण तरंग मिशन के लिए संभावित Verification Source हो सकता है ? - LISA (Laser Interferometer Space Antenna) ।

9. PM सूर्य घर योजना का राष्ट्रीय लक्ष्य कितने घरों मे रूफटॉप सोलर स्थापित करना है ? - 1 करोड़ घर ।

10. दिल्ली की DURGA योजना के प्रथम चरण मे कितने पिंक ई-ऑटो उपलब्ध कराए जाएंगे ? - 1,300 ई-ऑटो ।

TOPPERSEXAM.COM

26-09-2026

CURRENT AFFAIRS

HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

TODAY NEWS HIGHLIGHT

- India's impressive performance at Asian Games 2026: Medals in Wushu, Rowing, Shooting and Athletics
- Mizoram's Lalrithangi is included in FAO's '100 Women Heroines', exemplifying rural entrepreneurship through strawberry farming.
- Music director Shantanu Moitra to be honoured with the National Lata Mangeshkar Award 2026
- Delhi's 'DURGA' scheme approved, 1,300 pink e-autos to be given to women and transgender persons
- 'PM Surya Ghar' portal launched in Delhi, combined subsidy up to ₹1.56 lakh to promote rooftop solar
- The discovery of eRASSU J0608 provides a new direction for the study of gravitational waves. Two white dwarfs orbit each other every 6.24 minutes.
- Asad Alam Syiem will be the new High Commissioner of Bangladesh to India, preparing for diplomatic re-dialogue in India-Bangladesh relations.
- World Environmental Health Day 2026 — a global emphasis on the link between a healthy environment and human health

TOPPERSEXAM.COM

1. India's Stellar Performance at the 2026 Asian Games: Medals in Wushu, Rowing, Shooting, and Athletics

India delivered an impressive performance across Wushu, Rowing, Shooting, and Athletics at the 20th Asian Games held in Aichi-Nagoya, Japan. Naorem Roshibina Devi secured her third consecutive Asian Games medal by winning silver in the women's 60kg Sanda event. Satnam Singh and Salman Khan won a historic bronze in the men's double sculls, while Parinaaz Dhaliwal and Anantjeet Singh Naruka clinched bronze in the mixed skeet event. In athletics, Seema won bronze in the 10,000m race, and India's mixed 4×400m relay team secured the silver medal.

2. Mizoram's Lalrithangi Named Among FAO's '100 Women Heroes'; Sets an Example of Rural Entrepreneurship Through Strawberry Farming

Lalrithangi, from Mizoram's Lawngtlai district, has been selected for the FAO's '100 Women Heroes' initiative in recognition of her contributions to agri-food systems and rural development. A former teacher, Lalrithangi began strawberry farming in 2024 and now cultivates avocados and bananas alongside over 10,000 strawberry plants across two hectares of land. Her strawberry farming generated an income exceeding ₹10 lakh in 2025, and she also produced value-added products such as strawberry wine.

3. Music Director Shantanu Moitra to be Honoured with National Lata Mangeshkar Award 2026

The Madhya Pradesh government has announced the National Lata Mangeshkar Award 2026 for renowned music director Shantanu Moitra in recognition of his contributions to music direction; the award comprises a tax-free cash prize of ₹5 lakh and a citation. The award will be presented on September 28, 2026, in Indore on the occasion of Lata Mangeshkar's birth anniversary, with a two-day event commencing on September 27. Shantanu Moitra has composed music and background scores for films such as Parineeta, 3 Idiots, Piku, October, and 12th Fail, and previously won a National Film Award in 2014 for Na Bangaru Talli.

4. Delhi's 'DURGA' Scheme Approved; Women and Transgender Individuals to Receive 1,300 Pink E-Autos

On September 23, 2026, the Delhi Cabinet, chaired by Chief Minister Rekha Gupta, approved the DURGA scheme for women and transgender individuals. The first phase of the scheme involves the provision of 1,300 pink e-autos, with 1,170 allocated to women and 130 to transgender beneficiaries. The initiative aims to promote self-employment, women's safety, and last-mile connectivity, while ensuring inclusive participation in the transport sector. Through these e-autos, the scheme will foster clean and sustainable urban transport, with EV charging facilities integrated at 70 DMRC metro stations.

Contact No. - 7891099005, 7891099006

5. ‘PM Surya Ghar’ portal launched in Delhi; combined subsidy of up to ₹1.56 lakh to promote rooftop solar

The Delhi government launched the ‘Delhi PM Surya Ghar’ registration portal on September 21, 2026, enabling domestic consumers to apply for rooftop solar installations. By combining the central subsidy of up to ₹78,000 with an equal amount from the Delhi government, eligible households can receive a total assistance of up to ₹1.56 lakh. The ‘PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana’ has a total outlay of ₹75,021 crore and aims to install rooftop solar systems in 1 crore households. This initiative is crucial for promoting decentralized energy generation, the clean energy transition, energy security, and sustainable urban development.

6. Discovery of eRASSU J0608 Gives New Direction to Gravitational Wave Studies; Two White Dwarfs Orbit Each Other in 6.24 Minutes

A team led by Indian researchers studied an ultracompact double-white-dwarf binary system named eRASSU J0608, in which the two white dwarfs orbit each other in approximately 6.24 minutes. This system exhibits X-ray emission driven by "direct-impact accretion," where matter falls directly onto the companion white dwarf without forming an accretion disk. Its orbital period is rapidly decreasing, likely due to the loss of energy and angular momentum via gravitational radiation; the estimated chirp mass is approximately 0.43 solar masses.



7. Asad Alam Siam to be Bangladesh's New High Commissioner to India; Preparations Underway for Renewed Diplomatic Dialogue in India-Bangladesh Relations

Bangladesh's Foreign Secretary Asad Alam Siam has been appointed as the next High Commissioner to India, and India has formally granted its agrément (diplomatic approval) for his appointment. A 1995-batch Foreign Service officer, Siam has previously served as Bangladesh's Ambassador to the US and assumed the role of Foreign Secretary in June 2025. His appointment comes at a time when dialogue on issues such as borders, water, trade, connectivity, security, and regional cooperation remains crucial for India-Bangladesh relations.

8. World Environmental Health Day 2026 — Global emphasis on the link between a healthy environment and human health

World Environmental Health Day is observed annually on September 26 to raise awareness about the relationship between human health and the environment. This day is associated with an initiative by the International Federation of Environmental Health (IFEH) and emphasizes the importance of a clean and sustainable environment. Environmental health encompasses issues such as air and water pollution, sanitation, waste management, food safety, chemical hazards, and climate change. In India, initiatives like the Swachh Bharat Mission, Jal Jeevan Mission, and the National Clean Air Programme (NCAP) play a crucial role in improving environmental health.

1. In which event did Satnam Singh and Salman Khan win a bronze medal?

A - Men's Single Sculls
B - Men's Double Sculls
C - Men's Quadruple Sculls
D - Men's Kayak Four

India won medals in Wushu, Rowing, Shooting, and Athletics at the 20th Asian Games 2026 held in Aichi-Nagoya, Japan. Roshibina Devi won silver in Wushu; Satnam Singh-Salman Khan and Parinaz Dhaliwal-Anantjeet Singh Naruka won bronze; while Seema and the mixed 4×400m relay team won bronze and silver medals, respectively.

2. Lalrithangi has been selected for the '100 Women Heroes' initiative of which organization?

A - UNESCO
B - FAO
C - UNDP
D - UNICEF

Lalrithangi from Mizoram has been selected for the FAO's '100 Women Heroes' initiative for her contributions to agri-food systems and rural development. A former teacher, Lalrithangi earned an income of over ₹10 lakh from strawberry farming in 2025, and this honor is associated with the International Year of the Woman Farmer 2026.

3. Who has been selected for the National Lata Mangeshkar Award 2026?

A - A. R. Rahman
B - Shantanu Moitra
C - Amit Trivedi
D - Vishal Bhardwaj

The Madhya Pradesh government has announced the National Lata Mangeshkar Award 2026 for music director Shantanu Moitra in recognition of his contributions to the field of music; the award includes a tax-free cash prize of ₹5 lakh and a citation. The award will be presented in Indore on September 28, 2026; Moitra previously received a National Film Award in 2014 for *Na Bangaru Talli*, and the Lata Mangeshkar Award was instituted in 1984.

4. How many pink e-autos will be provided in the first phase of the DURGA scheme?

A - 1,000
B - 1,300
C - 1,500
D - 2,000

The Delhi Cabinet approved the DURGA scheme for women and transgender individuals on September 23, 2026, with 1,300 pink e-autos to be provided in the first phase. The scheme aims to promote self-employment, women's safety, last-mile connectivity, and clean urban transport, and will also incorporate EV charging facilities at 70 DMRC metro stations.

5. What is the maximum assistance available through the combined subsidy from the Central and Delhi governments?



A - ₹78,000
B - ₹1 lakh
C - ₹1.25 lakh
D - ₹1.56 lakh

The Delhi government launched the 'Delhi PM Surya Ghar' portal on September 21, 2026, under which eligible families can receive assistance of up to ₹1.56 lakh through the combined subsidy from the Central and Delhi governments. The total outlay for the PM Surya Ghar scheme is ₹75,021 crore, and it aims to promote clean energy, energy security, and sustainable development by installing rooftop solar systems in 1 crore households.

6. What type of astronomical system is eRASSU J0608?

A - Neutron star
B - Double-white-dwarf binary
C - Black hole binary
D - Exoplanet system

A team led by Indian researchers studied an ultracompact double-white-dwarf binary named eRASSU J0608, which has an orbital period of approximately 6.24 minutes and exhibits X-ray emission due to direct-impact accretion. Its orbital period is decreasing due to gravitational radiation, and this system—with a chirp mass of approximately 0.43 solar masses—could become a potential verification source for the future LISA mission.

7. Who has been appointed as the next High Commissioner of Bangladesh to India?

A - M. Riaz Hamidullah
B - Asad Alam Siam
C - Mohammad Tauhid
D - Sheikh Hasan

Bangladesh's Foreign Secretary Asad Alam Siam has been appointed as the next High Commissioner to India, and India has granted formal *agrément* for his appointment. Siam, an officer of the 1995 batch, has previously served as an ambassador to the US, while the current High Commissioner, M. Riaz Hamidullah, will assume the role of Permanent Representative to the United Nations office in Geneva.

8. World Environmental Health Day is associated with the initiative of which organization?

A - WHO
B - UNEP
C - IFEH
D - UNDP

World Environmental Health Day is observed annually on September 26 to raise awareness about the relationship between human health and the environment and to promote a clean and sustainable environment. This day is associated with the IFEH and focuses on issues such as air and water pollution, sanitation, waste management, food safety, and climate change; significant initiatives in India include the Swachh Bharat Mission, Jal Jeevan Mission, and NCAP.

Contact No. - 7891099005, 7891099006

TOPPERSEXAM.COM

One Liner

1. What is the national target for the number of households to have rooftop solar installed under the PM Surya Ghar scheme? - 10 million (1 crore) households.

2. How many pink e-autos will be made available in the first phase of Delhi's DURGA scheme? - 1,300 e-autos.

3. For which future space-based gravitational wave mission could eRASSU J0608 serve as a potential verification source? - LISA (Laser Interferometer Space Antenna).

4. When is World Environmental Health Day observed every year? - September 26.

5. Who has been appointed as the new High Commissioner of Bangladesh to India? - Asad Alam Siam.

6. What is the name of the female farmer from Mizoram selected for the FAO's '100 Women Heroes' initiative? - Lalrithangi.

7. Which award will be conferred upon Shantanu Moitra for the year 2026? - National Lata Mangeshkar Award.

8. Where are the 2026 Asian Games being held? - Aichi-Nagoya, Japan.

9. In which event did Naorem Roshibina Devi win a silver medal at the 2026 Asian Games? - Women's 60 kg Sanda (Wushu).

10. In the eRASSU J0608 binary system, in approximately how much time do the two white dwarfs orbit each other? - 374.15 seconds or approximately 6.24 minutes.